षोडश बिहार विधान सभा

एकादश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-01 सोमवार, दिनांक-26 नवम्बर, 2018 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.25 बजे पूर्वा० तक

[1] **अध्यक्ष द्वारा प्रारम्भिक सम्बोधन :-**

यथा संलग्न ।

[2] **अध्यासी सदस्यों का मनोनयन :-**

माननीय अध्यक्ष महोदय ने षोडश बिहार विधान सभा के एकादश सत्र के लिए निम्नांकित 5 (पाँच) सभा सदस्यों को अध्यासी सदस्य मनोनीत किया है :-

(i) श्री हरिनारायण सिंह
(ii) श्री (मो०) नेमतुल्लाह
(iii) श्री तारकिशोर प्रसाद
(iv) श्री (डॉ०) अशोक कुमार
(v) श्रीमती (डा०) रंजु गीता

[3] **कार्यमंत्रणा समिति का गठन :-**

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा षोडश बिहार विधान सभा के एकादश सत्र के लिए निम्न प्रकार से कार्य मंत्रणा समिति का गठन किया गया :-

(i) अध्यक्ष, बिहार विधान सभा - सभापति
(ii) श्री नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री - सदस्य
(iii) श्री सुशील कुमार मोदी, उप मुख्यमंत्री - सदस्य
(iv) श्री श्रवण कुमार, मंत्री, संसदीय कार्य विभाग - सदस्य
(v) श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री, ऊर्जा विभाग - सदस्य
(vi) श्री प्रेम कुमार, मंत्री, कृषि विभाग - सदस्य
(vii) श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, नेता विरोधी दल - सदस्य
(viii) श्री सदानंद सिंह, स०वि०स० - सदस्य

विशेष आमंत्रित सदस्य

(i) श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी, स०वि०स०
(ii) श्री महबूब आलम, स०वि०स०
(iii) श्री सुधांशु शेखर, स०वि०स०
(iv) श्री राजू तिवारी, स०वि०स०

नियमानुसार अध्यक्ष, इस समिति के सभापति तथा सभा सचिव इसके सचिव होंगे ।

[4] **औपचारिक कार्य** :-

माननीय मंत्री, वाणिज्य-कर विभाग, श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा बिहार विधान सभा के समक्ष राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित बिहार माल और सेवा कर (संशोधन) अध्यादेश, 2018 की प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

[5] **अनुमत विधेयकों के विवरण का सभा पटल पर रखा जाना** :-

सभा सचिव द्वारा षोडश बिहार विधान सभा के दशम् सत्र में उद्भूत तथा बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों द्वारा यथापारित एवं महामहिम राज्यपाल द्वारा अनुमोदित निम्न 05 (पाँच) विधेयकों का विवरण सभा पटल पर रखा गया :-

क्रमांक	विधेयकों का नाम	अनुमति की तिथि
(i)	बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद (संशोधन) विधेयक, 2018	27.07.2018
(ii)	बिहार तकनीकी कर्मचारी चयन आयोग (संशोधन) विधेयक, 2018	27.07.2018
(iii)	बिहार वित्त विधेयक, 2018	31.07.2018
(iv)	बिहार मत्स्य जलकर प्रबंधन (संशोधन) विधेयक, 2018	31.07.2018
(v)	बिहार विनियोग (संख्या-3) विधेयक, 2018	31.07.2018

[6] **सूचना** :-

सभा सचिव द्वारा सूचित किया गया कि विशेष न्यायालय सी०बी०आई०, राँची द्वारा वाद संख्या-RC केस नं०-04(A)/1997-R में पारित न्याय निर्णय द्वारा षोडश बिहार विधान सभा के श्री मोहम्मद इलियास हुसैन, स०वि०स०, क्षेत्र संख्या-212, डिहरी के विरूद्ध दोष सिद्धि एवं दंडादेश के परिणामस्वरूप जनप्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा 8 तथा संविधान के अनुच्छेद 191(1)(e) के प्रावधानों के तहत श्री मोहम्मद इलियास हुसैन, स०वि०स० दोषसिद्धि की तिथि, दिनांक 27.09.2018 के प्रभाव से बिहार विधान सभा की सदस्यता से निरर्हित हो गए हैं ।

[7] **वित्तीय कार्य** :-

माननीय प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग, श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा वित्तीय वर्ष 2018-19 के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरणी का उपस्थापन सभा मेज पर किया गया ।

[8] **शोक प्रकाश** :-

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा निम्नांकित जननायकों के निधन पर शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई :-

(i) स्व० भीष्म नारायण सिंह, पूर्व मंत्री भारत सरकार, पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व मंत्री बिहार सरकार

(ii) स्व० हीरा लाल पासवान, पूर्व स०वि०स०

(iii) स्व० रामरूप राय, पूर्व स०वि०स० एवं पूर्व स्वतंत्रता सेनानी

(iv) स्व० प्रो० रामदेव भंडारी, पूर्व सदस्य राज्य सभा

(v) स्व० राजेन्द्र प्रसाद यादव, पूर्व मंत्री बिहार सरकार एवं पूर्व स०वि०स०

(vi) स्व० फैयाज भागलपुरी, पूर्व मंत्री बिहार सरकार एवं पूर्व स०वि०स०

(vii) स्व० अजीजुल हक, पूर्व स०वि०स०

(viii) स्व० भोला सिंह, लोक सभा के वर्त्तमान सदस्य, पूर्व बिहार विधान सभा उपाध्यक्ष, पूर्व मंत्री बिहार सरकार एवं पूर्व स०वि०स०

(ix) स्व० अब्दुल जलील, पूर्व स०वि०स०

(x) स्व० कमलनाथ सिंह ठाकुर, पूर्व स०वि०प०

(xi) स्व० जागेश्वर हाजरा, पूर्व स०वि०स० एवं पूर्व स्वतंत्रता सेनानी

तदोपरांत सभी माननीय सदस्यों द्वारा एक मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई ।

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा कहा गया कि मेरे एवं संपूर्ण सदन की ओर से शोक संवेदना शोक संतप्त परिवार के पास भेज दिये जायेंगे ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक 27 नवम्बर, 2018 को 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-26.11.2018

बटेश्वर नाथ पाण्डेय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।